पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

प्रदेश की राज्यपाल ने आज राजभवन परिसर में पौधारोपण किया

————

राज्यपाल की प्रेरणा से बारिश से सुहावने हुए मौसम के बीच राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगाए 50 पौधे

————

पौधारोपण के साथ पौधों की नियमित देखभाल भी जरूरी

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 04 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन परिसर में स्वर्ण चंपा का पौधारोपण किया। राज्यपाल जी की प्रेरणा से आज रिमझिम बारिश से सुहावने हुए मौसम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह, विधिक परामर्शी राज्यपाल श्री प्रशांत मिश्रा सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों तथा अध्यासितों ने भी पौधरोपण किया। राजभवन में आज 50 पौधों को लगाया गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी की मौजूदगी में पौधरोपण का एक उत्साहपूर्ण वातावरण नजर आया। राज्यपाल जी ने पौधरोपण के सभी भागीदारों को रोपित किए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल हेतु भी

प्रेरित किया। आज राजभवन में स्वर्ण चंपा, चंपा, टेर्मिनलिया, गंधराज, श्वेत चंपा, बेगोनिया वेनस्ता एवं मालती के पौधों का रोपण किया गया।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361